प्रादर्श प्रश्न पत्र 2011
विषय – वाणिज्य समूह
कक्षा – बारवहीं

बही खाता एवं लेखाकर्म
Book-Keeping and Accountancy

समय– 3 घंटे | पूर्णांक– 100
Time- 3 Hours | **Maximum Mark – 100**

निर्देश–

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए।
iii. खण्ड अ में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक वाक्य में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1x5= 5x5 = 25 अंक
iv. खण्ड ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vi. प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक में प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

Instructions –

i. All question are compulsory.
ii. Please the instructions carefully before writing the answer.
iii. In section A Q. No. 1 to 5 are objective type which contain fill up the Blank, True/False, match the column, one sentence answer and choose the correct answers. Each question is allotted 5 marks. 1x1 = 5x5 =25 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 6 to 20 in section B.
v. Q. No. 6 to 10 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vi. Q. No. 11 to 15 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.
vii. Q. No. 16 to 20 carry 6 marks each and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) यदि बीमा कम्पनी ने सम्पूर्ण दावा स्वीकार कर लिया है तो ..... खाता डेबिट किया जाता है।

(ii) हानि जो संयोगवश होती है.....हानि कहलाती है।

(iii) साझेदारी का जन्म.....से होता है।

(iv) ख्याति एक .....संपत्ति है।

(v) पुनर्मूल्यांकन खाता एक .....खाता है।

Fill in the blanks.

(i) If Insurance Company has accepted the entire claim for payment their account will debited.....

(ii) The loss which incidentally occurs is called as.....

(iii) Partnership is born.....

(iv) Good will is an.....asset.

(v) Revaluation account is a.....account.

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य एवं असत्य बताइये –

(i) प्रेषित माल की बिक्री होने पर उसे प्रेषण खाता में जमा करेंगे।

(ii) त्याग का अनुपात = पुराना अनुपात – नया अनुपात।

(iii) साझेदारी व्यवसाय में अधिकतम सदस्यों की कोई संख्या नहीं है।

(iv) संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी का समर्पण मूल्य नहीं होता है।

(v) फर्म के समापन पर चिट्ठा बनाया जाता है।

Write true or false.

(i) Sales of goods sent on Consignment is credited to consignment A/c.

(ii) Sacrificing Ratio = Old Ratio – New Ratio.

(iii) In partnership business there is no limit for maximum partners.

(iv) Joint Life Policy has no surrender value.

(v) Balance sheet is prepared at the time of firm's dissolution.

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

1. वे ऋण पत्र जो अंशों में बदले जा सकते है? वे कौन से ऋण पत्र कहलाते है?
2. वे ऋण पत्र जिनका हस्तांतरण सुपुर्दगी मात्र से हो जाये, क्या कहलाते है?
3. स्थायी पूंजी पद्धति की दशा में आहरण पर ब्याज किस खाते में दर्शायेंगे?
4. पुराने साझेदार को आधिक्य पूंजी की वापसी के लिये क्या लेखा किया जायेगा?
5. साझेदार की निवृत्ति के किसी एक कारण को लिखिए?

Write the Answer of the following questions in a sentence.

1. What are those debentures called which can be converted in to share?
2. What are those debentures called which are transferred by mere delivery?
3. In case of fixed capital method, in which account interest on drawings is shown?
4. What records are made for return of surplus capital to the old partners?
5. Write one reason for retirement of a partner?

प्रश्न 4. निम्नलिखित का सही विकल्प चुनिए।

(अ) जिस व्यक्ति की ओर से एजेन्ट कार्य करता है, उसे कहते है –

(i) मुख्य एजेन्ट (ii) प्रधान

(iii) मध्यस्थ (iv) फुटकर व्यापारी

(ब) अधिलाभ कहते है –

(i) असामान्य लाभ को (ii) आकस्मिक लाभ को

(iii) सामान्य लाभ को (iv) सामान्य लाभ पर वास्तविक लाभ के आधिक्य को

(स) ऋण पत्रधारी कम्पनी के होते है –

(i) स्वामी (ii) लेनदार

(iii) देनदार (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(द) ऋण पत्रों का कंपनी की किन सम्पत्तियों पर प्रभार होता है –

(i) चालू संपत्ति (ii) स्थायी संपत्ति

(iii) चालू एवं स्थायी संपत्ति (iv) कृत्रिम संपत्ति

(इ) 'अ' व 'ब' एक फर्म में साझेदार है जो 7:3 के अनुपात में लाभ बांटते है। अ 1/7 भाग व ब 1/3 भाग 'स' के पक्ष में त्याग करता है। नया लाभ–हानि अनुपात क्या होगा –

(i) 4:1:1 (ii) 3:1:2

(iii) 2:1:1 (iv) 3:1:1

Choose the correct answer in the following.

(a) The person on whose behalf the agent acts is called -

(i) Chief agent (ii) Principal

(iii) Intermediary (iv) Retail trader.

(b) Super profit is called -

(i) Abnormal profit (ii) Contingent profit

(iii) Normal profit (iv) Excess of actual profit over normal profit.

(c) Debenture holders are called -

(i) Owners (ii) Creditor

(iii) Debtor (iv) None of the above.

(d) On which type of assets the debentures are charged upon.

(i) Current Asset (ii) Fixed Asset

(iii) Current and Fixed Asset (iv) Intangible Asset.

(e) A & B are partners in a firm who share profit & loss in the ratio of 7:3 A and B sacrifice 1/7 and 1/3 share in favour of C. What will be the new profit sharing ratio?

(i) 4:1:1 (ii) 3:1:2

(iii) 2:1:1 (iv) 3:1:1

प्रश्न 5. स्तंभ 'अ' के लिये स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ियां बनाइये–

अ	–	ब
(अ) प्रेषणी से प्राप्त अग्रिम राशि	–	एक ही बार खोला जाता है
(ब) ऋण पत्रधारी को मताधिकार	–	प्रेषणी के व्यक्तिगत खाते में लिखी जाती है।
(स) वसूली खाता फर्म के जीवन में	–	प्राप्त नहीं होता है
(द) लेखांकन प्रमाप 10 का संबंध है	–	रोकड़ द्वारा भुगतान
(इ) साझेदारों का ऋण खाता	–	ख्याति
	–	स्थायी खाता
	–	ह्रास

Make the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'.

A	-	B
(a) Advance received from consignee is	-	Open only once in its life
(b) Voting power of a debenture holder	-	In the personal account of consignee.
(c) Realisation account is in the life of the firm	-	Does not receive.
(d) As – 10 is related to	-	Payment in cash
(e) Loan Account of partner	-	Good will.
	-	Fixed A/c
	-	Depreciation

प्रश्न 6. स्थिर एवं परिवर्तनशील पूंजी में चार अन्तर लिखिए।

Write four differences between Fixed and Fluctuating Capital Account.

अथवा

Or

अ, ब, स एक फर्म में साझेदार है जो लाभ–हानि 5:3:2 के अनुपात में बांटते है। अ ने व्यक्तिगत रूप से स को यह गारण्टी दी कि स का लाभ पूंजी पर 10

प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाने के पश्चात आये लाभ में 22500 रू. से कम किसी भी वर्ष नहीं होगा। साझेदारी की पूंजी थी क्रमशः अ 120000 रू, ब 75000 रू. व स 60000 रू.। वर्ष के अन्त में लाभ 119250 रू. ब्याज काटने से पूर्व था। लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइये।

A,B and C are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2 A, however personally guaranteed that C share of profits after charging interest on capital @ 10% P.a. would not be less than 22500 in any year. The capital of the partners were A Rs. 120000, B Rs. 75000 and C Rs. 60000. The profits for the year amounted to Rs. 119250 before charging interest. Show P&L Appropriation Account.

प्रश्न 7. कंपनी द्वारा प्रीमियम की राशि का उपयोग किन–किन कार्यों के लिये किया जाता है? (कोई चार)

How is premium amount used in company? (Any four).

अथवा

Or

एक कंपनी ने 100 रू. वाले 10000 समता अंश का निर्गमन 10 रू. प्रति अंश प्रीमियम पर किया। आवेदन के समय सभी अंशों से प्रीमियम सहित संपूर्ण राशि प्राप्त हो गई। आवश्यक पंजी प्रविष्टियां दीजिए।

A company issued 10000 equity shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 10. All the amount due were received with premium at the time of application. Pass necessary entries.

प्रश्न 8. ऋण पत्र की चार विशेषताएं बताइए?

Mention any four characteristics of debenture?

अथवा

Or

कान्ति लिमिटेड ने 100 रू. वाले 4000, 13% ऋण पत्र निर्गमित किये। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियां कीजिए, यदि ऋण पत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किये गये हो और धनराशि प्राप्त हुई।

Kanti Ltd. issued 4000, 13% debentures for Rs. 100 each. Make Journal Entries in the books of the company, if Debentures are issued at 10% discount and received the amount.

प्रश्न 9. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की कोई चार सीमाएं बताइये।

Mention any four limitation of the analysis of Financial Statement.

अथवा

Or

तरलता अनुपात से आप क्या समझते है? इसके अन्तर्गत कौन–कौन से अनुपातों की गणना की जाती है?

What do you mean by Liquidity Ratio? What are the Ratio Calculated in it?

प्रश्न 10. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई चार उद्देश्य लिखिए।

Write any four objectives of cash flow statement.

अथवा

Or

रोकड़ प्रवाह के कोई चार प्रमुख स्त्रोत बताइये।

Give any four major Sources of Cash Flow.

प्रश्न 11. X ने Y को 100 टेप रिकार्डर 1000 रू. की लागत के 1300 रू. के बीजक मूल्य पर भेजे। प्रेषक ने प्रेषण पर व्यय के 4000 रू. चुकाये। प्रेषिती को बीज मूल्य पर 10% तथा बीजक मूल्य से अधिक विक्रय पर 25% कमीशन देय है। प्रेषिती ने चुंगी के 1000 रू. चुकाये। प्रेषिती ने 90 टेप रिकार्डर 137000 रू. में बेचे

और देय राशि प्रेषक को बैंक ड्राफ्ट द्वारा भेज दी। प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए।

X consigned 100 tape recorders to Y costing Rs. 1000 per tape recorder at invoice price of Rs. 1300. The consignor paid Rs. 4000 as expenses on consignment. The consignee is entitled to a commission of 10% on invoice price and 25% on sales above the invoice price. The consignee paid Rs. 1000 for octroi. The consignee sold 90 tape recorders for Rs. 137000 and sent a bank drafts for the amount due to consignor. Prepare consignment A/c in the books of consignor.

अथवा

Or

प्रेषण में असामान्य हानि से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित समझाइये।

What do you mean by abnormal loss in consignment account? Explain with examples.

प्रश्न 12. एक फर्म का औसत लाभ 60000 रू. है और पूंजीकरण की दर 12% है। फर्म की विविध संपत्तियां और दायित्व क्रमशः 650000 रू. व 200000 रू. है। ख्याति की गणना अधिलाभ के पूंजीकरण विधि द्वारा कीजिए।

Average profit of a firm is Rs. 60000 and the rate of capitalisation is 12%. Sundry assets and liabilities of a firm are Rs. 650000 and Rs. 200000 respectively calculate goodwill by super profit capitalization method.

अथवा

Or

ख्याति से आप क्या समझते है? ख्याति को निर्धारित करने वाले घटकों को समझाइये? (कोई तीन)

What is goodwill, Explain the factors affecting Goodwill? (any three)

प्रश्न 13. निवृत्त साझेदार को देय राशि का भुगतान करने की विधियों का वर्णन कीजिए।

State the various methods of Payments to Retiring Partner?

अथवा

Or

X और Y का निम्नांकित चिट्ठा है –

दायित्व	रकम	संपत्ति	रकम
लेनदार	20000	अधिकोष	20000
देय बिल	10000	देनदार	10000
सामान्य संचिती	6000	फर्नीचर	4000
पूंजी		भवन	27000
एक्स 15000			
वाई 10000	25000		
	61000		61000

निम्नांकित शर्तों पर उन्होंने Z को साझेदारी में प्रवेश दिया –

1. पुस्तकों में ख्याति खाता 10000 रू. से खोला जाये।
2. फर्नीचर और भवन पर 5% ह्रास काटा जाये।
3. देनदारों पर 5% आरक्षण दिया जाये।
4. सभी साझेदारों के पूंजी लेखे उनके लाभ–हानि अनुपात में समायोजित किये जाये।
5. Z 12000 रू. पूंजी लाता है और भविष्य में लाभों में से 1/4 भाग लेगा। पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाता बनाइये।

The following is the Balance sheet of X and Y.

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	20000	Bank	20000
Bills Payable	10000	Debtors	10000
General Reserve	6000	Furniture	4000

Capital X 15000 Y 10000	 25000	Building	27000
	61000		61000

They agree to admit Z in to partnership on the following conditions –

1. A goodwill account to be raised in the books at Rs. 10000.
2. Furniture and Building to be depreciated by 5%.
3. Reserve of 5% be created on debtors.
4. Capital account of all the partners be adjusted on the basis of their profit sharing ratio.
5. Z brings Rs. 12000 as his capital and gets 1/4 share in future profit. Prepare Revaluation Account and Partners Capital Account.

प्रश्न 14. एक्स लिमिटेड 10 रूपये वाले 500 समता अंश खरीदे उसने आवेदन पर 2 प्रतिअंश चुकाये। वह आवंटन पर 3 रूपये प्रतिअंश एवं याचना पर 5 रूपये प्रतिअंश नहीं दे सका। अतः कंपनी ने उसके सभी अंश जब्त कर लिये कंनी की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टी कीजिए।

X Ltd. Purchased 500 Equity Share of Rs. 10 each of payable as Rs. 2 on Application Rs. 3 on Allotment and 5 on Calls. He failed of pay allotment and calls money and therefore the company for feited his shares make necessary entries in the books of company.

अथवा

Or

अंश व स्कन्ध में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई पांच बिन्दु)।

Differentiate between shares and stock. (Any five points)

प्रश्न 15. चिट्ठे के संपत्ति पक्ष में प्रदर्शित सार्वजनिक कंपनी के मुख्य शीर्षकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Explain the items which are shown on the asset side of balance sheet under the main heads of public limited company.

अथवा

Or

निम्नांकित सूचनाएं एक कंपनी के तलपट से ली गई है –

समता अंश पूंजी (10000 समता अंश प्रत्येक 10 रू.)	–	100000
10% ऋण पत्र	–	50000
लेनदार	–	15000
प्रस्तावित लाभांश	–	10000

कंपनी अधिनियम की आवश्यकतानुसार आपको कंपनी के चिट्ठे का दायित्व पक्ष तैयार करना है।

The following information were extracted from the trial balance of a company.

Equity share capital (10000 equity share of Rs. 10 each)	-	100000
10% Debentures	-	50000
Creditors	-	15000
Proposed dividend	-	10000

You are required to draw up the liabilities side of balance sheet of the company according to requirement of the companies Act.

प्रश्न 16. साझेदारी फर्म के विघटन की विभिन्न विधियों को समझाइये। (कोई छः)

Explain the various methods of dissolution of a firm. (any six)

अथवा

Or

हर्षित और रिचा एक फर्म में साझेदार है और 4:3 के अनुपात में लाभालाभ वितरण करते हे। उन्होंने साझेदारी के समापन का निश्चय किया। उक्त तिथि पर हर्षित की पूंजी 65000 रू. तथा रिचा की पूंजी 35000 रू. थी। लेनदार 15000 रू. और रोकड़ शेष 1270 रू.। रोकड़ के अतिरिक्त शेष संपत्तियों से

109000 रू. वसूल हुए। समापन पर किये गये खर्च 1250 रू.। विघटन की तिथि का चिट्ठा तैयार कीजिए एवं वसूली खाता तैयार कीजिए।

Harsit & Richa are partners of a firm and they share their profits & losses in the ratio of 4:3. They decided to dissolve the partnership firm on that date Harshit's capital was Rs. 65000 and Richa's capital was Rs. 35000. Creditors were Rs. 15000 and cash was Rs. 1270. For the remaining assets other than cash Rs. 109000 was realized. Dissolution expenses were Rs. 1250. Prepare Balance Sheet on the date of dissolution and also prepare realization account.

प्रश्न 17. एक लिमिटेड कंपनी ने 10 रू. वाले 10000 अंश जनता में निर्गमित किये। राशि इस प्रकार मांगी गई –

आवेदन पर 2 रू. प्रति अंश, आवंटन पर 4 रू. प्रति अंश तथा याचना पर 4 रू. प्रति अंश। कुल 12500 अंशों के लिये आवेदन प्राप्त हुए। आनुपातिक आवंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का प्रयोग आवंटन में किया गया। सभी राशियां यथा समय प्राप्त हो गई। जर्नल प्रविष्टियां दीजिए।

A Ltd. company issued 10000 shares of Rs. 10 each to the public payable Rs. 2 per share on application, Rs. 4 per share on allotment and Rs. 4 per share on call. Application were received for 12500 shares and allotment was made pro-rata. The excess application money was utilized towards allotment. Pass necessary journal entries in the books of company.

अथवा

Or

पूर्वाधिकार एवं समता अंशों में अन्तर लिखिए। (कोई–6 बिन्दु)

Differentiated between Preference shares & Equity shares. (any six points)

प्रश्न 18. एक कंपनी ने दूसरी कंपनी से 99000 रू. के पुस्तक मूल्य की संपत्तियां क्रय की। यह सहमति हुई कि 100 रू. वाले 11% ऋण पत्रों के निर्गमन द्वारा क्रय मूल्य का भुगतान किया जायेगा। यह मानते हुए कि ऋण पत्र (1) सम मूल्य

पर, (2) 10% कटौती पर, (3) 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

A company purchased assets of the book value of Rs. 99000 from another company. It was agreed that the purchase consideration be paid by issuing 11% debentures of Rs. 100 each. Assume debentures have been issued (1) At par, (2) At discount of 10%, (3) At a premium of 10%. Pass necessary journal entries.

अथवा

Or

ऋणपत्रों के शोधन से क्या आशय है? ऋण पत्र शोधन के स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।

What do you mean by redemption of debentures? Discuss the sources of funds for redemption of debentures.

प्रश्न 19.

दिया हुआ है –	चालू अनुपात	=	2.8
	तरल अनुपात	=	1.5
	कार्यशील पूंजी	=	162000
ज्ञात कीजिए –	चालू संपत्तियां		
	चालू दायित्व		
	तरल संपत्तियां		

Given –	Current Ratio	=	2.8
	Liquid Ratio	=	1.5
	Working Capital	=	162000
Find out –	Current Assets.		
	Current Liabilities.		
	Liquid Assets.		

अथवा

Or

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्व समझाइये। (कोई–6 बिन्दु)

Explain the importance of analysis of financial statements. (any six point)

प्रश्न 20. कोष प्रवाह एवं रोकड़ प्रवाह में अन्तर लिखिए।

Distinguish between fund flow and cash flow.

अथवा

Or

निम्नलिखित सूचना से संचालन से प्राप्त रोकड़ की गणना कीजिए।

विवरण	2004 राशि	2005 राशि
स्टॉक	70000	50000
देनदार	30000	24000
लेनदार	35000	29000
अदत्त व्यय	2500	3500
देय बिल	30000	18000
उपार्जित आय	8000	9000
लाभ–हानि खाता	75000	90000

Calculate cash from operation from the following information -

Particulars	2004 Rs.	2005 Rs.
Stock	70000	50000
Debtors	30000	24000
Creditors	35000	29000
Outstanding expenses	2500	3500
Bills payable	30000	18000
Accured income	8000	9000
Profit and loss account	75000	90000

– – – – – –

आदर्श उत्तर

विषय – वाणिज्य समूह
कक्षा – बारवहीं

बही खाता एवं लेखाकर्म
Book-Keeping and Accountancy

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –

उत्तर 1. रिक्त स्थान –

(i) बीमा कंपनी।

(ii) असामान्य हानि।

(iii) साझेदारी अनुबंध।

(iv) अर्मूत।

(v) नाम मात्र का खाता।

प्रत्येक सही उत्तर लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 2. सत्य/असत्य –

(i) सत्य

(ii) सत्य

(iii) असत्य

(iv) सत्य

(v) असत्य

प्रत्येक सही उत्तर लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 3. एक वाक्य में उत्तर –

1. वे ऋण पत्र जो अंशों में बदले जा सकते है वे परिवर्तनशील ऋणपत्र कहलाते है।
2. वे ऋण पत्र जिनका हस्तांतरण सुपुर्दगी मात्र से हो जाये, वाहक ऋण पत्र कहलाते है।
3. स्थायी पूंजी पद्धति की दशा में आहरण पर ब्याज साझेदारों का चालू खाता में दर्शायेंगे।
4. पुराने साझेदार को आधिक्य पूंजी की वापसी के लिये साझेदार का पूंजी खाता नामे एवं बैंक/रोकड़ खाता से लेखा किया जायेगा।
5. साझेदार की अस्वस्थता/वृद्धावस्था साझेदार की निवृत्ति का कारण है

प्रत्येक सही उत्तर लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 4. सही विकल्प –

(अ) प्रधान।

(ब) सामान्य लाभ पर वास्तविक लाभ के आधिक्य को।

(स) लेनदार।

(द) चालू एवं स्थायी संपत्ति।

(इ) 3:1:1

प्रत्येक सही उत्तर लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 5. सही जोडियां –

अ	–	ब
(अ) प्रेषणी से प्राप्त अग्रिम राशि	–	प्रेषणी के व्यक्तिगत खाते में लिखी जाती है।
(ब) ऋण पत्रधारी को मताधिकार	–	प्राप्त नहीं होता है
(स) वसूली खाता फर्म के जीवन में	–	एक ही बार खोला जाता है

(द) लेखांकन प्रमाप 10 का संबंध है – ख्याति

(इ) साझेदारों का ऋण खाता – रोकड़ द्वारा भुगतान

प्रत्येक सही उत्तर लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 6. अन्तर का आधार –

क्र.	अंतर का आधार	स्थिर पूंजी	परिवर्तनशील पूंजी
	शेष परिवर्तन	पूंजी खाते का शेष सामान्यतः प्रतिवर्ष स्थायी रहता है।	इसमें पूंजी खाते का शेष बदलता रहता है।
2	लेखे की मदें	इसमें पूंजी का लेखा किया जाता है।	इसमें बोनस आहरण कमीशन का लेखा होता है।
3	पूंजी की स्थिरता	इसमें पूंजी खाते में पूंजी सदैव स्थिर रहती है।	इसमें पूंजी खाते की पूंजी परिवर्तन होती रहती है।
4	चालू खाता	इसमें चालू खाता बनाया जाता है।	इसमें चालू खाता नहीं बनाया जाता है।

प्रत्येक सही अंतर लिखने पर 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Profit & Loss Appropriation Account

31st Dec. Ending of Year

Particular	Amount (Rs)	Particulars	Amount (Rs)
To Interest on Capital		By Balance b/d	119250
A	12000		
B	7500		
C	6000		
To Profit			
A (46875 - 3750)	43125		

B C (18750 + 3750	28125 22500		
	119250		**119250**

उत्तर 7. कंपनी द्वारा प्रीमियम की राशि का उपयोग निम्न कार्यों के लिये किया जाता है:–

1. प्रारंभिक व्ययों को अपलिखित करने हेतु।
2. किसी अंश या ऋण पत्रों के शोधन पर देय प्रीमियम हेतु।
3. अंशधारियों को बोनस शेयर देने हेतु।
4. कंपनी के अंशों या ऋण पत्रों के निर्गमन संबंधी व्यय, कमीशन, छूट आदि को अपलिखित करने में।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Journal Entres

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.)	Amount (Cr.)
1	Bank a/c Dr. To Equity share application a/c (Being amount received on 10000 equity share with premium)		1100000	 1100000
2	Equity share application a/c Dr. To Equity share capitla a/c To Securities premium a/c (Being amount transferred)		1100000	 1000000 100000
	Grand Total		**2200000**	**2200000**

उत्तर 8. ऋण–पत्र की विशेषताएं :–

1. **कम्पनी द्वारा निर्गमित :–** कंपनी द्वारा ऋण पत्रों का निर्गमन ऋण प्राप्त करने के लिए किया जाता है।
2. **कम्पनी के ऋण का प्रमाण :–** कंपनी द्वारा किए गये ऋण का प्रमाण होता हैं
3. **निश्चित अवधि** :– ऋण पत्रों का निर्गमन एक निश्चित अवधि के लिए किया जाता है।
4. **ब्याज का भुगतान :–** ऋण पत्रों पर एक निश्चित दर से ब्याज का भुगतान किया जाता है।

प्रत्येक बिन्दु को स्पष्ट करने पर 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Journal Entres

Date	Particulars	Date	Amount (Dr.)	Amount (Cr.)
	Bank a/c Dr. To 13% Debenture Application a/c (Being debenture issued at discount)		360000	 360000
	13% Debenture Application a/c Dr. Discount on issue of debenture a/c Dr. To 13% Debenture a/c (Being debenture application money transfered)		360000 40000	 400000
	Grand Total		**760000**	**760000**

उत्तर 9. वित्तीय विश्लेषण की सीमाएं :–

1. **मूल्य परिवर्तन को शामिल नहीं करना :–** वित्तीय विश्लेषण में पुस्तकीय मूल्य को ही सम्मिलित किया जाता है वास्तविक मूल्य पर ध्यान नहीं दयिा जाता है।

2. **गुणात्मकता का अभाव :–** कर्मचारियों की क्षमता तकनीकी विशेषता एवं प्रबंधक की कार्यकुशलता का समावेश वित्तीय विश्लेषण में नहीं किया जाता है।

3. **वित्तीय विवरण बोलने में अक्षम :–** वित्तीय विश्लेषण के समंक स्वयं स्पष्ट नहीं करते है इसकी जानकारी को केवल विशेषज्ञ ही स्पष्ट कर सकते है।

4. **वित्तीय विवरणों में एकरूपता की कमी :–** वित्तीय विववरण को ज्ञात करने की अनेक तकनीकी का उपयोग होता है। अतः एक रूपता मे कमी रहती है।

प्रत्येक सही बिन्दु पर 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

तरलता अनुपात वह अनुपात है जिसका उपयोग संख्या की अल्पकालीन दायित्वों के भुगतान करने की क्षमता की माप करने के लिये प्रयोग किया जाता है। यह अनुपात इस बात की भी जांच करता है कि संस्था ने कार्यशील पूंजी को कितने प्रभावपूर्ण रूप में प्रयोग किया है, इसके निम्न अनुपातों की गणना की जाती है:–

1. चालू अनुपात = $\frac{Current\ Assets}{Current\ Liabilities}$

2. तरल अनुपात = $\frac{Liquid\ Assets}{Current\ Liabilities}$

3. अधितरलता अनुपात = $\frac{Super\ Quick\ Assets}{Liauid\ Liabilities}$

उत्तर 10. रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य :–

1. **रोकड़ स्थिति का विश्लेषण :–** रोकड़ प्रवाह से रोकड़ स्थिति का विश्लेषण होता है। रोकड़ शेष में परिवर्तन एवं रोकड़ के स्त्रोत एवं उपयोग की जानकारी प्राप्त होती है।

2. **रोकड़ नियोजन :–** रोकड़ प्रवाह विवरण से रोकड़ की कमी या आधिक्य की जानकारी मिलती है एवं आधिक्य रोकड़ के प्रयोग का मार्गदर्शन मिलता है।
3. **नीतियों का निर्माण :–** रोकड़ प्रवाह विवरण से संस्था अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन निति का निर्माण कर सकती है।
4. **तरलता की जांच :–** रोकड़ प्रवाह विवरण के द्वारा अल्पकालीन ऋण लेनदार आदि के भुगतान की क्षमता की जानकारी प्राप्त होती है।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

रोकड़ के प्रमुख स्त्रोत :–

1. व्यवसाय संचालन से रोकड़।
2. अंशों के निर्ममन पर प्राप्त रोकड़।
3. ऋण पत्रों के निर्ममन पर प्राप्त रोकड़।
4. दीर्घकालीन ऋणों में वृद्धि।
5. विनियोगों के विक्रय पर प्राप्त।

(किन्हीं दो का विस्तार करने पर 4 अंक प्रदान कीजिए, केवल बिन्दुओं लिखिने पर 2 अंक प्रदान कीजिए)

उत्तर 11.

Consignment Account

Date	Particulars	Amount	Date	Particulars	Amount
	To Goods Sent on consignment a/c	100000		By Goods (sales) 90 TAPC	137000
	To Cash a/c (exp.)	4000		By consignment stock. cost 10 x 1000 = 10000 + Exp.	
	To y (octroi)	1000			
	To y (Comm) (11700 + 5000)	16700		$\frac{(4000 + 1000) \times 10}{100} = 500$	10500

	To Profit & Loss A/c	25800			
		147500			**147500**

अथवा

असामान्य हानि का आशय :– ऐसी हानियां जो संयोगवश या किन्हीं विशिष्ट या असामान्य कारणों से उत्पन्न होती है जिसकी पूर्व में कल्पना नहीं की जा सकती है। जैसे– माल का चोरी चले जाना, आग लग जाना, दुर्घटना के कारण माल का नष्ट हो जाना।

उपरोक्तानुसार विस्तार से लिखने पर 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 12. फर्म की पूंजी = संपत्तियां – दायित्व

= 650000 – 200000

= 450000

सामान्य लाभ = $\frac{\text{पूंजी} \times \text{सामान्य लाभ की दर}}{100}$

सामान्य लाभ = $\frac{450000 \times 12}{100}$ = 54000

अधिलाभ = औसत लाभ – सामान्य लाभ की दर

= 60000 – 54000

= 6000

$$\text{ख्याति} = \frac{\text{अधिलाभ} \times 100}{\text{दर}}$$

$$= \frac{6000 \times 100}{12}$$

$$\text{ख्याति} = 50000$$

अथवा

ख्याति वह शक्ति है जो ग्राहकों को फर्म के उत्पाद को क्रय करने के लिये प्रेरित करती है। व्यवसाय का वह नाम या यश जो उसे ग्राहकों एवं अन्य संबंधित पक्षों द्वारा अच्छे संबंध व प्रभावपूर्ण कार्यशैली के कारण प्राप्त होता है, ख्याति कहलाती है। ख्याति व्यवसाय की स्थायी एवं अमूर्त संपत्ति है।

घटक :–

1. फर्म की स्थिति व नाम :– फर्म की स्थिति अच्छी जगह होने के कारण ख्याति में वृद्धि होती है। किसी प्रतिष्ठित नाम का उपयोग करने पर भी ख्याति उत्पन्न होती है।
2. व्यवहार कुशलता :– व्यापार के स्वामी की व्यवहार कुशलता के कारण फर्म की साख में वृद्धि होती है।
3. उचित कीमत पर अच्छा माल :– यदि उचित मूल्य पर अच्छे माल का विक्रय किया जाता है तो ग्राहक प्रभावित होते है और व्यापार की ख्याति में वृद्धि होती है।
4. विज्ञापन के कारण।
5. एकाधिकार होने के कारण।
6. ग्राहकों को सुविधाएं।

(किन्हीं तीन घटको का विस्तार करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे)

उत्तर 13. निवृत्त साझेदार को देयराशि का भुगतान करने की विधियां :–

1. नकद भुगतान।
2. किश्तों में भुगतान।
3. वार्षिकी दर भुगतान।
4. देय विपत्र द्वारा भुगतान।
5. बैंक से ऋण लेकर भुगतान।
6. साझेदार द्वारा ऋण लेकर भुगतान।

1. **नगद भुगतान** :– यदि फर्म के पास पर्याप्त रोकड़ अथवा बैंक शेष हो तो अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को उसकी समस्त देय राशि एक साथ दे दी जाती है। एक मुश्त भुगतान करने के लिए साझेदार अपने व्यक्गित साधनों द्वारा अथवा बैंक या किसी व्यक्ति से भी ऋण लेकर नकद राशि जुटा सकते है। इस संबंध में निम्न लेखा किया जाता है :–

   निवृत्त साझेदार का पूंजी खाता नामे

   रोकड़/बैंक खाते से

   (पूंजी की रकम चुकाई गई)

2. **किस्तों में भुगतान** :– जब फर्म के पास पर्याप्त रोकड़ नहीं हो तो निवृत्तमान साझेदार या मृतक साझेदार के कानूनी प्रतिनिधि से समझौता करके उसे देयक रकम उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है और निर्धारित अवधि वाली किस्तों में ब्याज सहित भुगतान की व्यवस्था की जाती है। इस संबंध में निम्नलिखित लेखे किये जाते है :–

   1. निवृत्त साझेदार का पूंजी खाता नामे

      निवृत्त साझेदार के ऋण खाते से

   (पूंजी को ऋण खाते में अन्तरित किया)

2. ब्याज खाता नामे

निवृत्त साझेदार के ऋण खाते से

(ऋण पर ब्याज देय हुआ)

3. निवृत्त साझेदार का ऋण खाता नामे

रोड़/बैंक खाते से

(ऋण की किस्त का भुगतान किया)

कोई दो विधि का वर्णन करने पर 5 अंक दिये जाये।

अथवा

Revaluation Account

Particulars	Amount	Particulars	Amount
To Furniture a/c	200	By Loss:	
To Building a/c	1350	x's Capital a/c	1025
To Bad debtis reserve a/c	500	y's Capital a/c	1025
	2050		**2050**

नया अनुपात – 1/4 हिस्सा Z को देने के बाद 3/4 बनता है। 3/4 का आधा अर्थात 3/8 एवं 3/8 क्रमशः X एवं Y का होगा। अतः नया अनुपात है 3:3:2

पूंजी की गणना –

Z 2 हिस्से के लिये पूंजी लागा है 12000 रू.

तो X 3 हिस्से के लिये पूंजी होगी 18000 रू.

इसी तरह Y 3 हिस्से के लिये पूंजी होगी 18000 रू.

इस प्रकार X की पूंजी की कुल रकम 23000 रू. में से 18000 रू. रखकर शेष रकम 3975 रू. निकाल लेगा और Y की कुल पूंजी 18000 रू. तक रखने के लिये 1025 रू. और व्यापार में लायेगा।

Partners Capital Account

dt.	Particulars	X	Y	Z	dt.	Particulars	X	Y	Z
	To X's Capital a/c	-	-	5000		By Balance b/d	15000	10000	-
	To Y's Capital a/c	-	-	5000		By Cash a/c	-	-	12000
	To Revaluation a/c	1025	1025	-		By Z's Capital a/c	5000	5000	-
	To Cash a/c	3975	-	-		By General res. a/c	3000	3000	-
	To Balance c/d	18000	18000	2000		By Cash a/c	-	1025	-
		23000	**19025**	**12000**			**23000**	**19025**	**12000**

उत्तर 14. X की पुस्तक जर्नल प्रविष्टि

Journal Entries

Date	Particulars	L/F	Amount (De.)	Amount (Cr.)
	Bank A/c Dr. To Share Application a/c (App. money received on 50 share))		1000	1000
	Share Application A/c Dr. To share Co&Ital A/c (Money due on 500 share)		1000	1000
	Share Allotment A/c Dr. To share Capital A/c ((Allotment money due on 500 share)		1500	1500
	Share Call A/c Dr. To share capital A/c (Call money due on 500 share)		2500	2500
	Share Capital A/c Dr. To share Allotment A/c		5000	1500

	To share call A/c			2500
	To share for feited A/c			1000
	(For feature of 500 shares)			

(प्रत्येक एन्ट्री में 1 अंक प्रदान करें)

अथवा

अंश एवं स्कन्ध में अंतर –

क्र.	अंतर का आधार	अंश	स्कन्ध
1	अंकित मूल्य	अंकित मूल्य होता है।	अंकित मूल्य नहीं होता है।
2	पूर्णतः दत्त होना	पूर्ण दत्त होना आवश्यक नहीं है।	पूर्ण दत्त होता है।
3	हस्तांतरण	अंश का पूर्ण रूप से हस्तांतरण होता है।	स्कंध के भाग का स्थानांतरण किया जा सकता है।
4	संख्या	निश्चित होती है।	निश्चित नहीं होती है।
5	पंजीकृत होना	अंश सदैव रजिस्टर्ड होते है।	स्कन्ध पंजीकृत एवं अपंजीकृत दोनों हो सकते है।

प्रत्येक सही अंतर पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 15. सम्पत्ति पक्ष में प्रदर्शित मुख्य शीर्षक :–

1. स्थायी सम्पत्तियां :–
2. विनियोग।
3. चल सम्पत्तियां ऋण एवं अग्रिम।
4. विविध व्यय।
5. लाभ–हानि खाता।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Balance sheet of A Company Case on.....

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Share capital 1000 equity shares of Rs. 10 each	100000		
Secured Loans:			
10% Debenture	50000		
Current liabilities :			
A Creditors	15000		
B Proposed Dividend	10000		
	175000		

उत्तर 16. फर्म के विघटन की विधियां :–

1. **समझौते द्वारा समापन** :– फर्म का समापन साझेदारों के आपसी समझौते के आधार पर किया जा सकता है।
2. **अनिवार्य समापन** :– फर्म का निम्नलिखित कारण से अनिवार्य रूप से समापन होता है :–
   1. फर्म के सभी साझेदार या एक को छोड़कर सभी साझेदार दिवालिया घोषित हो जाते है।
   2. फर्म का अवैधानिक संगठन होने पर।
3. **संयोग द्वारा समापन** :–
   1. विशेष अवधि वाली साझेदारी की अवधि पूर्ण होने पर।
   2. किसी विशेष उद्देश्य वाली साझेदारी का उद्देश्य पूर्ण होने पर।
4. **सूचना द्वारा समापन** :– कोई भी साझेदार फर्म को लिखित रूप से सूचना देकर फर्म का समापन करा सकता है।

5. **न्यायालय द्वारा समापन :–**

1. यदि फर्म का व्यवसाय अवैध हो जाता है।
2. यदि फर्म का साझेदार स्थाई रूप से अयोग्य हो जाता है।
3. साझेदारी का दुराचारी होना।
4. साझेदार का पागल होना।
5. अन्य कोई न्यायोचित आधार होने पर न्यायालय समापन का आदेश दे देती है।

उपरोक्तानुसार विस्तार से वर्णन करने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Old Balance sheet

Liabilities		Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Capital			Cash	1270
Harsit	65000		Sundry Assets	113730
Richa	35000	100000		
Creditors		15000		
		115000		**115000**

Realization Account

Particulars	Amount (Rs.)	Particulars	Amount (Rs.)
To Sundry Assets	113730	By Creditors	15000
To Cash A/c (Creditors)	15000	By Cash (Assets realized)	109000
To Cash (Dis. Exp.)	1250	By partners capital A/c (Loss)	
		Harsit 3417	
		Richa 2563	5980
	129980		**129980**

उत्तर 17.

Journal Entries of A Ltd.

Dt.	Particulars	L.F	Dr. Amount	Cr. Amount
	Bank A/c Dr. To Share Application A/c (Being application money received for 12500 shares @ Rs. 2)		25000	 25000
	Share Application A/c Dr. To Share Capital A/c To Share Allotment A/c (Being Rs. 20000 transferred to share capital a/c Rs. 5000 transferred to share allotment a/c)		25000	 20000 5000
	Share allotment A/c Dr. To share Capital A/c (Being allotment money due)		40000	 40000
	Bank A/c Dr. To Share Allotment A/c (Being allotment money received)		35000	 35000
	Share Call A/c Dr. To share Capital A/c (Being share call money due)		40000	 40000
	Bank A/c Dr. To Share Call A/c (Being call money of 10000 shares received)		40000	 40000

अथवा

पूर्वाधिकार अंश एवं समता अंश में अंतर –

क्र.	अंतर का आधार	पूर्वाधिकार अंश	समता अंश
1	अंश राशि	मूल्य अधिक होता है।	मूल्य कम होता है।
2	लाभांश की दर	निश्चित रहती है।	परिवर्तनशील रहती है।
3	लाभांश में प्राथमिकता	पूर्वाधिकार अंश पर लाभांश समता अंश से पहले दिया जाता है।	समता अंश का लाभांश सबसे बाद में दिया जाता है।
4	जोखिम	जोखिम कम होती है।	जोखिम अधिक होती है।
5	मूल्यों में परिवर्तन	पूर्वाधिकार अंश के मूल्य में परिवर्तन कम होता है।	समता अंश के मूल्य में परिवर्तन अधिक रहता है।
6	अंश पूंजी की वापसी	विघटन के समय सबसे पहले वापस की जाती है।	विघटन के समय सबसे बाद में वापस की जाती है।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 18.

Journal Entries of A Ltd.

Dt.	Particulars	L.F	Dr. Amount	Cr. Amount
1	Assets A/c Dr. To Vendor Co. (Being assets purchased)		99000	 99000
2	Vendor Co. Dr. To 11% Debenture A/c (Being 990, 11% debenture issued at per)		99000	 99000
3	Assets A/c Dr. To Vendor Co. (Being assets purchased)		99000	 99000

4	Vendor Co. Dr. Discount of issue of debenture A/c Dr. To 11% debnture A/c (Being 1100, 11% debenture issued 10% discount)		99000 11000	 110000
5	Assets A/c Dr. To Vendor Co. (Being Assets purchased)		99000	 90000
6	Vendor Co. Dr. To 11% Debenture A/c To Security premium A/c (Being 900, 11% debentures issued at 10% premium)		99000	 90000

अथवा

ऋण पत्रों के शोधन से तात्पर्य ऋणपत्रों पर लिये गये ऋणों की वापसी से है। अर्थात् कम्पनी द्वारा लिये गये ऋणपत्रों के दायित्वों की समाप्ति से है।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए कोष के स्त्रोत :–

1. **संचित लाभों या कोषों से :–** पिछले लाभों की संचित राशि एवं संचय कोषो से या सामान्य संचय में से ऋण पत्रों का भुगतान किया जाता है। ऋण पत्र के अंकित मूल्य का 50 प्रतिशत भाग ऋण पत्र शोधन कोष में हस्तांतरण किया जाता है इस राशि से विनियोग एवं बीमा पालिसी का क्रय किया जाता है। ।जिसका उपयोग ऋण पत्र के शोधन के रूप में किया जाता है।
2. **नये अंशों व ऋण पत्रों के निर्गमन द्वारा :–** कंपनी अपने ऋण पत्रों को निरस्त कर उनकी राशि के बदले में ऋणदाताओं को नये अंश पत्र या ऋण पत्र निर्गमित कर देती है।

3. **अन्य स्त्रोत :–** कंपनी अपने ऋण पत्रों को बाजार में क्रय कर ऋण पत्रों का भुगतान करती है। कंपनी अपनी संपत्ति का विक्रय कर ऋण पत्र का भुगतान कर सकती है।

उपरोक्तानुसार विस्तार से वर्णन करनें पर कुल 6 अंक प्राप्त होंग।

उत्तर 19. माना कि चल दायित्व x है।

दिया गया है कार्यशील पूंजी = चल सम्पत्ति – चल दायित्व

रू. 162000 = चल सम्पत्ति – चल दायित्व .....(1)

$$\text{चल अनुपात} = \frac{\text{चल सम्पत्ति}}{\text{चल दायित्व}} \text{ या } \frac{\text{चल संपत्ति}}{x}$$

$$= \frac{2.8}{1}$$

चल सम्पत्ति = 2.8x .....(2)

या

समीकरण (1) में चल सम्पत्ति का मान रखने पर

162000 = 2.8x – x

$$x = \frac{162000}{1.8} = \text{Rs. } 90000$$

समीकरण (2) में मान रखने पर

चल सम्पत्ति = 2.8 x 90000

= Rs. 252000

$$\text{Liquid Ratio} = \frac{\text{Liquid Assets}}{\text{Current Liabilities}} \quad \text{or}$$

$$1.5 = \frac{\text{Liquid Assets}}{90000} \quad \text{or}$$

$$\text{Liquid Assets} = 90000 \times 1.5$$

$$= \text{Rs. } 135000$$

अथवा

वित्तीय विवरण विश्लेषण के महत्व :–

1. **प्रबंधकों को लाभ** :– व्यवसाय के प्रबंधन, व्यवसाय की लाभदायकता, क्रियात्मकता, कार्यपक्षता, वित्तीय स्थिति व तरलता की माप वित्तीय विश्लेषण से कर सकते है।
2. **लेनदारों को लाभ** :– व्यवसायों के लेनदार अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन ऋणों की फर्म की अदायगी की स्थिति की जानकारी वित्तीय विश्लेषण से प्राप्त कर सकते है।
3. **विनियोजकों को लाभ** :– वित्तीय विवरणों का विश्लेषण विनियोक्ताओं के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाता है विनियोक्ता किसी व्यवसायिक उपक्रम में अपने धन का विनियोग करने के लिए तभी तैयार होते है जब उपक्रम की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ एवं संतोष जनक हो।
4. **अंशधारियों को लाभ** :– वित्तीय विश्लेषण से अंशधारी व्यवसाय की लाभदायकता की स्थिति का विश्लेषण कर उन्हें प्राप्त होने वाले लाभांश की मात्रा का अध्ययन करते है।
5. **सरकार को लाभ** :– सरकार वित्तीय विश्लेषण के द्वारा उद्योगों की सफलता का अनुमान लगाती है। आर्थिक विकास की नीतियों को बनाने में

ये विश्लेषण सहायक होते है। वित्तीय विश्लेषण से कर निर्धारण में सुविधा होती है।

6. **कर्मचारियों को लाभ :–** कर्मचारी वित्तीय विश्लेषण के द्वारा अपने वेतन वृद्धि बोनस और अन्य सुविधाओं की मांग कर सकते है। यह निर्णय वे व्यवसाय की लाभदायकता के विश्लेषण के द्वारा कर सकते है।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।

उत्तर 20. **कोष प्रवाह विवरण एवं रोकड़ प्रवाह विवरण में अंतर :–**

क्र.	अंतर का आधार	कोष प्रवाह विवरण	रोकड़ प्रवाह विवरण
1	अवधारणा	कोष प्रवाह विवरण कोष की व्यापक अवधारणा पर आधारित है जहां कोष का तात्पर्य कार्यशील पूंजी से है।	रोकड़ प्रवाह विवरण कोष की संकीर्ण अवधारणा पर आधारित है जहां कोष को रोकड़ माना गया है।
2	परिवर्तन का आधार	कोष प्रवाह विवरण कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के कारण कोष में परिवर्तन मानता है।	रोकड़ प्रवाह विवरण में रोकड़ स्थिति में परिवर्तन होने पर रोकड़ प्रवाह मानता है।
3	लेखांकन प्रमाप	कोष प्रवाह विवरण के संबंध में कोई भी लेखांकन प्रमापन ही बनाया गया।	रोकड़ प्रवाह विवरण के संबंध में लेखांकन प्रमाप 3 स्थापित किया गया।
4	क्रियाएं	कोष प्रवाह विवरण में कोष को विभिन्न क्रियाओं में वर्गीकृत नहीं किया गया है।	रोकड़ प्रवाह विवरण में लेखांकन प्रमाप 3 के अनुसार रोकड़ प्रवाह की

			गणना संचालन विनियोग एवं वित्तीय क्रियाओं में करनी पड़ती है।
5	कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की अनुसूची	कोष प्रवाह विवरण मे कार्यशील पूंजी में परिवर्तन की अनुसूची चालू सम्पत्ति एवं चालू दायित्व के माध्यम से बनाते है।	रोकड़ प्रवाह विवरण में इस प्रकार का कोई विवरण नहीं बनाया जाता है।
6	लेखांकन पद्धति	कोष प्रवाह विवरण लेखांकन की उपार्जन विधि पर आधारित है।	रोकड़ प्रवाह विवरण लेखांकन की रोकड़ विधि पर आधारित है।

प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

Calculation of Cash From operation

Particulars		Amount	Amount
Funds from operation	(90000 - 75000)		15000
Add:- Decrease in current Assets			
Stock	20000		
Debtors	6000	26000	
Add:- Increase in current liabilities expenses outstanding		1000	+27000
Less:- Increase in current Assets.			42000
Accrued Income		1000	
Decrease in current liabilities creditors B/p		6000	
		12000	-19000
Cash from oeration		**23000**	**23000**

— — — — —